दिन–बुधवार   दिनांक– 18 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।   अवधि – 05 मिनट

लोकसभा ने एक राष्ट्र, एक चुनाव से संबंधित विधेयक की समीक्षा कर रही संयुक्त संसदीय समिति का कार्यकाल मानसून सत्र दो हजार छब्बीस के अंतिम सप्ताह के पहले दिन तक बढ़ा दिया है। इस विधेयक में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव है। समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी ने संविधान (संशोधन) विधेयक, दो हजार चौबीस और केंद्र शासित प्रदेश अधिनियम (संशोधन) विधेयक, दो हजार चौबीस पर संयुक्त समिति का कार्यकाल बढ़ाने का प्रस्ताव रखा था जिसे सदन ने ध्वनि मत से पारित कर दिया।

———————————————————

राज्यसभा के उपसभापित हरिवंश नारायण सिंह का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। सांसदों ने आज उन्हें बिदाई दी। इस दौरान अपने संबोधन में उपसभापित ने अपने संसदीय अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सदन के नेता जेपी नड्डा की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनसे उन्होंने शालिनता के साथ अपनी बात रखना सीखा। साथ ही सदन के नियमों का पालन करने में भी उनसे काफी सहयोग मिला। श्री हरिवंश ने विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे की भी प्रशंसा की।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के तहत जमुई जिले में तीन सौ बारह करोड़ रूपये की लागत वाली एक सौ नवासी योजनाओं का ि ालान्यास किया। श्री कुमार ने छह सौ दो करोड़ रूपये लागत की एक सौ इक्यासी योजनाओं का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने जन संवाद के दौरान कहा कि राज्य सरकार हर क्षेत्र में विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य कर रही है। इस दौरान उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इधर, हमारे नवादा संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री श्री कुमार जिले की पचपन करोड़ रूपये की लागत से निर्मित सैंतीस योजनाओं का उद्घाटन करेंगे। साथ ही वे दो सौ चौवालीस करोड़

रूपये की इक्कीस योजनाओं का ि ालान्यास भी करेंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री जिले में चलायी जा रही विभिन्न विकास और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करेंगे। श्री कुमार का नवादा में भी जनसंवाद का कार्यक्रम है।

———————————————————

योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा है कि सटिक आंकड़ों और वैज्ञानिक योजना के आधार पर विकास योजनाएं लागू कर विकसित बिहार का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। श्री यादव आज पटना में पर्यावरण लेखांकन और जेंडर सांख्यिकी पर आयोजित कार्यशाला के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। कार्यशाला का उद्देश्य सतत विकास लक्ष्यों की निगरानी के लिए तंत्र विकसित करना और राज्यों की सांख्यिकी क्षमता को सुदृढ़ बनाकर विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करना है। कार्यशाला को केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग, राज्य के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत समेत अनेक गणमान्य लोगों ने संबोधित किया।

———————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विभाग के रिपोर्ट के अनुसारा पिछले चौबीस घंटो के दौरान राज्य के उत्तर–मध्य और उत्तर–पूर्व भागों के कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की बारिश दर्ज की गयी है। इधर, पटना और आस–पास के इलाके में तेज धूप के कारण दिन के तापमान में औसतन तीन–चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गयी। विभाग ने अपने पूर्वानुमान मे कहा है कि कल के बाद चक्रवातीय परिसंचरण के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में मौसम में परिवर्तन की संभावना है। इस दौरान राज्य के उत्तर–मध्य, उत्तर–पूर्व और दक्षिण–पूर्व भागों में कई स्थानों पर तेज आंधी और वज्रपात की आशंका है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————

गया के जिलाधिकारी शशांक शुंभकर के नेतृत्व में फतेहपुर प्रखंड के पूर्वी बाथन गांव में छापेमारी कर ईंट भट्ठा में कार्य कर रहे बासठ बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया गया है। इनमें कई छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————

पश्चिम चंपारण जिले के कुमारबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआवा गांव में एक आरोपी को गिरफ्तार करने गयी पुलिस टीम पर आक्रोशित ग्रामीणों ने हमला कर दिया। इस दौरान पुलिस वाहन में तोड़फोड़ भी की गयी। इलाके में तनाव को देखते हुए रैपिड एक्शन फोर्स के जवानों को तैनात किया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।